1


# कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण
## जिला–बीजापुर (छ.ग.)

प्रथम तल,कक्ष क्रमांक–42 कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर बीजापुर, पिन–नं.494444
email : cssdm-bijapur.cg@gov.in


क्रमांक /1328/ D.S.D.A. / 2023–24 बीजापुर,दिनांक 02/05/2023

**//निविदा आदेश//**

छ.ग. शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग मंत्रालय महानदी भवन , नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के आदेश क्रमांक 906/03/2021/कौ.वि.प्रा./42 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24.02.2021 के माध्यम से प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार ट्राईबल क्लस्टर डेव्हलपमेंट अन्तर्गत लाख फसल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने हेतु सामग्री क्रय किया जाना है।

जिस हेतु, प्रासेसिंग यूनिट में लगने वाली मशीन सामग्री क्रय करने हेतु, मुहर बंद लिफाफे में निर्माताओं/अधिकृत विक्रताओं से निविदा दिनांक 7 / 6 /2023 को अपरान्ह् 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये **3000.00** है। जो कि नॉन रिफंडेबल होगा, उक्त शुल्क डिमांड ड्रॉफ्ट जो की कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर के नाम से देय हो, के द्वारा भुगतान कर प्रपत्र कार्यालय से कार्यालयीन समय एवं निर्धारित तिथि तक प्राप्त कर सकते है।

1. ~~निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि –~~
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि – 7/6/2023 अपरान्ह 12 बजे
3. निविदा खोलने की अंतिम तिथि – 8/6/2023 अपरान्ह 12 बजे

सामग्रीयों का विवरण इस प्रकार है :–

**लाख प्रोसेसिंग यूनिट सामग्री का विवरण**

| ITEM DISCRIPTION | Specification | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| | Lac Crusher Machine | Crushing 15kg/ hr, power operated -1 HP single phase AC motor and person Hand Operated | 1 |
| Lac Processing unit | Lac Washer machine | 35 kg/batch, pedal operated pedal operated -2 person, and Power operated -1 person and 1HP operated | 1 |
| | Lac Grader Machine | 60 kg/hr, power opareted -1 person & 0.5 Hp Single phase AC motor hand operated | 1 |
| | Lac Winnower Machine | 500 kg/hr , power operated -1 person and 0.5 HP single phase AC motor, hand operated | 1 |
| | Lac filter | | 1 |
| | Working Tools & foundation Nut Bolts, soda | | As per required |
| | Raw Material For tranning 50 kg | | 50 kg |
| | Assembly line product | | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Chhalani round | | 10 |
| | Hand Manual Packaging machine | | 2 |
| | Kudali | | 4 |
| | Soop ( GI sheet) | | 10 |
| | Electric/Machanic assembellibing | | 1 |
| Other Equipment | 10 Piece Plastic Bucket / Ghamela, (20 ltr), 4 working Table (6/4), Digital Weight Sacle,2 pice | | |

निविदा की नियम/शर्ते :–

अ. आवेदन की प्रक्रिया

1. निविदाकर्ता को बंद लिफाफा (अ–धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट , ब– तकनीकी अर्हता, न्यूनतम अर्हता एवं अन्य दस्तावेज स– दर संबंधी विवरण एवं द– अ ,ब एव स की पैकिंग लिफाफा स में डालना है) में निविदा प्रस्तुत करना होगा।
2. समस्त लिफाफे के उपर में **निविदा का नाम ( लाख प्रोसेसिंग यूनिट) एवं प्रेषित किये जाने वाले निविदाकर्ता का पूर्ण पता स्पष्ट उल्लेखित होना अनिवार्य होगा।**
3. **निविदा कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल कक्ष क्रमांक D-19 जिला– बीजापुर पिन कोड– 494444** के पते में भेजे।
4. निविदाएं केवल रजिस्र्टड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार की जावेगी। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से एवं निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत स्वीकार नही की जावेगी।
5. समस्त दस्तावेजों को स्व–प्रमाणित कर फर्म का सील अनिवार्य होगा।

ब. निविदा हेतु न्यूनतम अर्हताएँ

1. शासन द्वारा निर्धारित अधिनियम अंतर्गत संस्था/फर्म/प्रतिष्ठान के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
2. जी.एस.टी. नं. की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, फर्म/संस्था के टर्न ओवर प्रमाण पत्र की छायाप्रति, फर्म/संस्था के टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल स्टॉफ की सूची, अंतिम 3 वर्षों का आयकर रिर्टन, अंतिम 03 वर्ष का जी.एस.टी. रिर्टन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 15 लाख रू. की बैंक साल्वेंसी एवं अमानत राशि का डिमांड ड्रॉफ्ट/एफ.डी.आर. प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाकर्ता का टर्नओवर 1 करोड़ औसत विगत 03 वर्ष का होना अनिवार्य होगा। टर्न ओवर सी0ए0 से प्रमाणिकृत होना अनिवार्य होगा।
4. सामग्रियों के निर्माताओं/अधिकृत विक्रताओं का प्रमाण पत्र, यदि वे अधिकृत विक्रेता है, तो डिलरशीप प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. निविदाकर्ता अगर अमानत राशि की छूट हेतु अधिकृत है, तो वे प्रमाण–पत्र, तथा शासन के अभिप्रमाण प्रस्तुत करें।
6. निविदा केवल संबंधित मशीन के निर्माता (OEM) अथवा निर्माता फर्म के अधिकृत विकेता द्वारा ही मान्य की जावेगी। इस अभिप्राय अधिकृत विकेता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो निविदा प्रकाशित दिनांक से पूर्व का होना अनिवार्य होगा।
7. राशि रू.100 के स्टाम्प में काली सूची (ब्लैक लिस्टेड) में नही होने एवं समस्त नियम एवं शर्ते मान्य होने के संबंध में शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

Gaurav

8. एक निविदाकर्ता का एक ही निविदा स्वीकार किया जाएगा। निविदाकर्ता द्वारा निविदा में किसी भी प्रकार की काट छांट किये जाने पर निविदा अस्वीकार किया जायेगा।
9. सभी कर सम्मिलित कर के निविदा दर प्रस्तुत करना होगा, निविदा में उल्लेखित दर के अतिरिक्त अन्य कोई स्वत्व देय नही होगा।

## स. तकनीकी अर्हताएँ

1. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री से संबंधित कैटलॉग विवरण (Specification) एवं प्रतिकृति (image) होना आवश्यक है।
2. संबंधित क्षेत्र में निविदाकर्ता को कम से कम 03 वर्ष का कार्यानुभव होना अनिवार्य होगा।
3. कार्यानुभव होने के संबंध में कार्यादेश के साथ–साथ कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
4. चयनित फर्म/संस्था को प्रदाय किये जाने वाले मशीनरी पर कम से कम 01 साल तक मेन्टेनेश कार्य किया जाना अनिवार्य होगा। एवं मेन्टेनेश कार्य तत्काल किया जाना अनिवार्य होगा।
5. निविदाकर्ता को तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित ब्रांड के आधार पर दर अंकित करना अनिवार्य होगा, जिसके अतिरिक्त अन्य 2 ब्रांडो का दर निविदाकर्ता द्वारा भरा जा सकता है।
6. तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम Specification के आधार पर सामग्री प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। मशीनरी के अतिरिक्त अन्य सामग्री का उल्लेखित ब्रांड में अनुपलब्धता की स्थिति में Specification के आधार पर दर उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा।
7. यदि तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित ब्रांड के आधार पर दर सूची में दर अंकित नही की जाती है, तो क्रय समिति द्वारा लिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा।

## द. चयन प्रक्रिया

1. निविदा, गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदाकर्ता स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। संबंधित फर्म के प्रतिनिधि के उपस्थित होने पर फर्म के स्वामी द्वारा प्रतिनिधि अधिकृत के संबंध में प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा। तथा अधिकृत प्रमाण पत्र निविदा के दस्तावेज के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. सामग्रीयों का दर इंस्टालेशन के साथ दर प्रस्तुत किया जावेगा।
3. निविदकारों द्वारा प्रस्तुत मशीन के संबंध में PPT तैयार कर निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो निविदा के समय क्रय समिति के समक्ष PPT प्रस्तुतीकरण करना अनिवार्य होगा ।
4. निविदा में उल्लेखित ब्राड एवं मॉडल मे से किसी एक ब्राड एवं मॉडल का चयन, गठित समिति के द्वारा किया जावेगा, जिसके अनुसार ही दर की तुलना की जावेगी, जो निविदाकर्ता को मान्य होगा। जिस हेतु कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जावेगा।
5. क्रय समिति को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि न्यूनतम दर प्राप्त होने पर भी अगर उचित समझे तो उच्च गुणवत्ता के आधार पर अधिक दर की सामग्री भी स्वीकृत कर सकेंगे, इस हेतु कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
6. निविदा "चार सील्ड लिफाफा पद्धति" के अनुसार जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर, प्रथम तल कक्ष क्रमांक D-19 कलेक्ट्रेट परिसर बीजापुर में जमा किये जायेंगे।

इसमें सील्ड लिफाफा 1,2,3 एक बड़े लिफाफा क्र–4 में रखकर सील्ड किये जायेंगे। इस बड़े लिफाफे के ऊपर स्वच्छ अक्षरों में **LAC PROCESSING UNIT मशीन के सप्लाई एवं इंस्ट्रॉलेशन हेतु निविदा** अनिवार्यतः अंकित किया जायेगा।

Sawsap

अ. **सीलड लिफाफा क– 1:** इसमें धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जिला बीजापुर के वेबसाईट से डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट राशि रखा जायेगा। इस लिफाफे के ऊपर **लिफाफा क–1 "धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र मूल्य"** अंकित किया जावेगा।

ब. **सीलड लिफाफा क–2** : इसमें कमशः निविदा शर्ते एवं टेक्नीकल बीड **प्रपत्र–अ** के साथ वांछित समस्त प्रमाण पत्रों की स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रतियों को रखा जायेगा। इस लिफाफे के ऊपर **लिफाफा क–2 सामान्य शर्ते प्रपत्र तथा "टेक्नीकल बीड प्रपत्र–अ"** अंकित किया जावेगा।

स. **सीलड लिफाफा क–3** : इसमें कामर्शियल बीड **प्रपत्र– "ब"** रखा जायेगा। इस लिफाफा के ऊपर सीलड **लिफाफा –3 कामर्शियल बीड़ प्रपत्र– "ब"** अंकित किया जावेगा।

8. **सीलड लिफाफा क–2:** इसमें निम्नानुसार कम में अभिलेख संलग्न किये जावेंगे।
अ. निविदा शर्ते, प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा कर्ता के हस्ताक्षर, नाम, सील, व दिनांक अंकित रहेगा।
ब. टेक्नीकल बीड प्रपत्र–3 पूर्ण रूप से स्वच्छ व साफ सुथरे अक्षरों मे बिना कांट–छांट के भरा जायेगा। तथा प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता हस्ताक्ष नाम, सील व दिनांक अंकित किया जायेगा।
स. आयकर परमानेंट अकाउण्ट नं. PAN एवं जी.एस.टी प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
द. पिछले तीन वित्तीय वर्षों की आडिटेड बैलेंस शीट सहित इन्कम टेक्स रिटर्न की चार्टेड एकाउंटेड द्वारा हस्ताक्षरित छायाप्रतियां।
इ. किसी भी प्रकार के मशीनों के सप्लाई एवं इंस्टॉलेशन संबधी कार्यानुभव का प्रमाणपत्र।
ई.छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यालय/दुकान/शाखा होने संबंधी प्रमाण पत्र।
फ. मशीन की वारंटी कम से कम 01 वर्ष होने संबंधी प्रमाण पत्र।
क. **पूर्व में दिए गए निविदा नियम एवं शर्तों के बिन्दुं कमांक "ब" निविदा हेतु न्यूनतम अर्हताऐं एवं बिन्दु कमांक "स" तकनीकी अहताऐं में उल्लेखित किए गए समस्त दस्तावेज।**

9. **कामर्शियल बीड लिफाफा–3 में** : कामर्शियल बीड प्रपत्र– "ब" स्वच्छ व साफ सुथरें अक्षरों में, बिना कांट छांट का भरा होना चाहिये।

10. कमशः सीलड लिफाफा 4,1 व 2 खोले जायेंगे। टेक्नीकल बीड लिफाफा उन फर्मो का खोला जायेगा। जिन्होंनें लिफाफा–1 में निविदा शर्तों के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंक का दोनों ड्राफ्ट संलग्न किया है।

11. कामर्शियल बीड लिफाफा–3 उन निविदा कर्ताओं का खोला जायेगा जो निविदा के अनुरूप तकनीकी रूप से अर्ह पाये जाते है।

12. किसी भी निविदा को मान्य करने/अमान्य करने को अधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर की अध्यक्षता में गठित समिति को होगा। दस्तावेजों के प्रमाणिकता/पर्याप्तता के संबंध में किसी प्रकार के संशय/विवाद की स्थिति में इस समिति का निर्णय अंतिम होगा।

13. सफल प्रदायकर्ता को **LAC PROCESSING UNIT** मशीन को बीजापुर जिले के चिन्हित ग्राम पंचायत में सप्लाई एवं इंस्टॉल करने के बाद, संबंधित जनपद पंचायत द्वारा अधिकृत कर्मचारी को इसके संचालन के संबंध में 07 दिवस का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा।

14. **LAC PROCESSING UNIT** मशीन में कोई खराबी आने पर संबंधित जनपद पंचायत के प्रभारी अधिकारी द्वारा, सफल प्रदायकर्ता को उसके द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर पर सूचित किया जायेगा। इस प्रकार के सूचना उपरांत, निविदाकर्ता को समय सीमा में मशीन में आई खराबी को सुधारना अनिवार्य होगा। नियत समय में कार्य नहीं होने या कार्य संतोष जनक नहीं पाये जाने पर निविदाकर्ता के धरोहर राशि से प्रतिदिन रू. 500/– की दर से कटौती की जायेगी। सफल निविदाकर्ता को, किये गये शिकायत एवं उसके सुधार के संबंध में एक पंजी संधारित की जावेगी। इस पंजी में प्रत्येक शिकायत एवं सुधार का समय तथा दोनों पक्षों के सदस्य का हस्ताक्षर होगा।

Sanjay

15. वारंटी अवधि में मशीन के रख रखाव में, आवश्यकता पड़ने पर मशीन के बदले गये पार्ट/सामग्री मानक स्तर के होने चाहिये। इस प्रकार बदले गये पुराना पार्ट/सामग्री, संबंधित जनपद पंचायत के प्रभारी अधिकारी के पास जमा करना होगा। बदले गये सामग्री के देयकों का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

16. निविदा स्वीकार करने के उपरांत सफल निविदाकर्ता द्वारा, वार्षिक रख रखाव में असमर्थमता व्यक्त करने पर उसकी धरोहर राशि/सुरक्षा निधि जप्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय कम के सफल निविदा कर्ता को स्वीकृत न्यूनतम दर **(L1)** पर कय आदेश जारी किया जा सकेगा।

17. जिस निविदाकर्ता की दरें स्वीकृत की जायेगी उन्हें 15 दिवस के अंदर रू. 100/– (रू. सौ मात्र) के **Non Judicial Stamp**(संबंधित संस्थान को लाना होगा) पेपर पर अनुबंध करना होगा। अनुबंध की शर्ते कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर की अध्यक्षता में गठित समिति के अनुसार होगी। अनुबंध की अवधि, अनुबंध के दिनांक से 01 वर्ष के लिये होगी। मशीन के रख रखाव की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं होने पर नोटिस देकर अनुबंध को तत्काल समाप्त करने का अधिकार समिति को होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर लिया जावेगा।
18. सरकारी/निजी क्षेत्र मे वृहद स्तर पर उपरोक्त वर्णित संबंधित उपकरण सप्लाई के अनुभवी निविदादाता को प्राथमिकता दी जावेगी (यदि अनुभव हो तो अनुभव संबंधी दस्तावेज संलग्न करें)
19. अमान्य/अस्वीकृत निविदाकर्ताओं की धरोहर राशि, सफल निविदाकर्ता से अनुबंध होने के बाद वापस कर दी जायेगी। इस धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
20. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में जोड़ी गई अतिरिक्त शर्ते जो इस निविदा में नहीं है, मान्य नही होगी।

21. प्राप्त हुई समस्त या किसी भी निविदा को बिना किसी कारण बताये हुए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार "कलेक्टर बीजापुर" को होगा।

22. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति मे कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर छ.ग. का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

23. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण, बीजापुर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।

ई. अन्य नियम एवं शर्ते

1. आवेदित निविदा कर्ता को प्रशासकीय स्वीकृति राशि का 1 प्रतिशत राशि –20,000.00/–रू.(बीस हजार रू. मात्र) का Demand Draft सुरक्षा निधि के रूप में कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला बीजापुर के नाम से जमा करना होगा । जिस पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। चयनित संस्था के द्वारा जमा किए गए सुरक्षा निधि को स्वीकार करते हुए अन्य संस्था जिनका चयन नहीं होगा उन्हें सुरक्षा निधि का डिमांड ड्राफ्ट मूलतः वापस किया जाएगा। जमा कि गई सुरक्षा निधि राशि अनुबंध वैद्यता तिथि तक के लिए इस कार्यालय में जमा रहेगी। अनुबंध समाप्त होने के पश्चात जमा सुरक्षा निधि राशि वापस की जावेगी। जिसके लिए कोई ब्याज आदि का भुगतान नहीं किया जावेगा।
2. चयनित संस्था को कुल प्रशासकीय स्वीकृति राशि का 3 प्रतिशत राशि का Demand Draft सुरक्षा निधि के रूप में कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला बीजापुर के नाम से जमा करना होगा जमा कि गई सुरक्षा निधि राशि अनुबंध वैद्यता तिथि के छः माह पश्चात् तक के लिए इस कार्यालय में जमा रहेगी। अनुबंध समाप्त होने के पश्चात जमा सुरक्षा निधि राशि वापस की जावेगी। जिसके लिए कोई ब्याज आदि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

3. निविदा फर्म/अधिकृत विक्रेताओं द्वारा टर्न–की द्वारा आधार पर दी जावे।
4. निविदा कर्ता द्वारा निविदा में प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों पर निविदाकर्ता का सील एवं हस्ताक्षर होना अनिवार्य होगा। किसी भी पृष्ठ पर सील एवं हस्ताक्षर न होने के स्थिति में संबंधित फर्म के निविदा को निरस्त किया जावेगा।
5. निविदा प्रारूप में उल्लेखित मशीन उपकरणों की क्षमता एवं गुणवत्ता अनुसार ही निविदा भरी जाये। उपकरणों की चाही क्षमता एवं गुणवत्ता अंकित नहीं होने पर निविदा अमान्य कर दिया जावेगा।
6. निविदा में प्रस्तुत दर में मशीन के इंस्टालेशन स्टाफ ट्रेनिंग, एफ.ओ.आर. बीजापुर में प्रदाय करने का होना चाहिये, किसी प्रकार का अतिरिक्त या अन्य व्यय मान्य नहीं होगा।
7. निविदा दाता को मशीन/उपकरण कार्यादेश दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।
8. निविदादाता को मशीन उपकरण की वारंटी अवधि तक निःशुल्क सर्विसिंग की सुविधा प्रदान करना अनिवार्य हो।
9. सामग्रियों का समस्त करों को मिला कर प्रति ईकाई दर प्रस्तुत करना होगा।
10. बोलीदाता को विस्तृत विनिर्देशों के साथ मशीनों के लिए सभी कैटलॉग प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।
11. उपकरण चयन पर तकनीकी चर्चा और नेगोशियेशन की जायेगी।
12. आदेशों की स्वीकृति से पहले कीमत पर नेगोशियेशन की जायेगी। अंतिम रूप दी जाने वाली और खरीदी जाने वाली मशीनों का विन्यास कारखाने की स्थापना पर निर्भर करता है। नियुक्त तकनीकी एजेंसी द्वारा निर्णय लिया जायेगा।
13. कलेक्टर सह अध्यक्ष तकनीकी एजेंसी के साथ **"फिट फॉर पर्पस"** उददेश्य के आधार पर अंतिम रूप दिए जाने वाले मशीन ब्रांड का निर्धारण करेंगे।
14. दरें स्वीकृत होने पर तथा आदेश के मान से निर्धारित अवधि के अन्दर सामग्री की पूर्ति कार्यालय पहुंचाकर देनी होगी, जिस हेतु पृथक से कोई राशि देय नही होगा। निर्धारित अवधि के अन्दर सामग्री की पूर्ति नही होने पर अमानत राशि राजसात की जावेगी, तथा दिये गये आदेश की सामग्री मूल्य पर 2 प्रतिशत पेनाल्टी लगायी जायेगी, जो बकाया भू–राजस्व के रूप में वसूल की जावेगी।
15. सभी प्रकार के टैक्स आदि का वहन निविदाकर्ता द्वारा किया जावेगा। निविदाकर्ता को आयकर एवं वाणिज्यकर का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।
18. आपूर्ति होने पर सामग्री के कमी क्षति या हानि के लिये कार्यालय/विभाग जिम्मेदार नही होगा।
19. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की संख्या/मात्रा निर्धारित करने का अधिकार इस कार्यालय को होगा। जिन निविदाकर्ता की निविदा अस्वीकार की जावेगी। उन्हें पृथक से कोई सूचना नही दी जाएगी।
20. निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की गई सामग्रियों का भौतिक सत्यापन निविदा हेतु, गठित समिति के द्वारा किया जावेगा। क्रेता विभाग द्वारा मांग अनुरूप आवश्यकतानुसार सामग्री मांग करने पर सामग्री प्रदाय

करना अनिवार्य होगा। भौतिक सत्यापन में मिलान नही होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी या क्रय आदेश निरस्त किया जा सकता है।

21. निविदाकर्ता को यदि निविदा प्रपत्र भरने में किसी भी प्रकार की परेशानी/दिक्कत होने की स्थिति में कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय मे आकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

22. निविदा प्रक्रिया के दौरान कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला कौशल विकास प्राधिकरणबीजापुर द्वारा ऐसी कोई भी शर्ते निर्धारित की जा सकती है, जो शासन हित में हो। यह शर्ते समस्त निविदाकर्ता को मान्य एवं उनके लिए बंधनकारी होगा।

23. प्राप्त हुई समस्त या किसी भी निविदा को बिना किसी कारण बताये हुए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार "कलेक्टर बीजापुर" को होगा।

24. किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर का निर्णय अंतिम एवं सभी के लिये बंधनकारी होगा।

25. निविदा की अधिक जानकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर के नोटिस बोर्ड तथा जिला बीजापुर की वेबसाईट **http://bijapur.gov.in**से प्राप्त कर सकते है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह उपाध्यक्ष
जिला कौशल विकास प्राधिकरण
जिला– बीजापुर (छ.ग.)

(सील्ड लिफाफा–2 में रहेगा)

# जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर

## कक्ष क D19, कलेक्ट्रेट बीजापुर (छ.ग.)

### टेक्निकल बिड "प्रपत्र–अ"

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता संस्थान/फर्म का नाम | ..........<br>..........<br>..........<br>.......... |
| 2 | संस्थान/फर्म का स्थायी पता | ..........<br>..........<br>..........<br>फोन ..........<br>ई–मेल .......... |
| 3 | संस्थान/फर्म के प्रोपराइटर/पार्टनर/संचालक का नाम | ..........<br>..........<br>..........<br>फोन ..........<br>ई–मेल .......... |
| 4 | संस्थान/फर्म के प्रतिनिधि श कार्यकारी साझेदार (पार्टनर) का नाम (जिससे कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की जानी है) | ..........<br>..........<br>..........<br>फोन ..........<br>ई–मेल .......... |
| 5 | निविदा फार्म मूल्य के बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट नं..........<br>दिनांक ..........<br>राशि रू. 3,000/–<br>बैंक व शाखा का नाम.......... |
| 6 | धरोहर राशि (EMD)बैंक ड्राफ्ट का विवरण | बैंक ड्राफ्ट/~~बैंक गारंटी~~ नं..........<br>दिनांक ..........<br>राशि रू.<br>बैंक व शाखा का नाम.......... |
| 7 | फर्म का आयकर परमानेंट अकाउन्ट नंबर PAN(प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क. लिखें) | ..........<br>.......... |
| 8 | फर्म का GST No.( प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क. लिखें) | ..........<br>.......... |
| 9 | फर्म का वार्षिक टर्न ओव्हर (यदि पिछले तीन वर्षों में कम से कम औसत राशि रू. 1 करोड़) | |
| 10 | अ. फर्म के पिछले तीन वर्षो का चार्टर्ड एकाउर्टेंट से प्रमाणित बैलेंस शीट (प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क. लिखें) | वर्ष..........राशि..........<br>वर्ष..........राशि..........<br>वर्ष..........राशि.......... |
| 11 | ब. फर्म के पिछले चार वर्षों में से किन्हीं तीन वर्षों का इन्कम टेक्स रिटर्न गणना पत्रक (प्रमाण की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न कर पृष्ठांकन क. लिखें) | वर्ष..........राशि..........<br>वर्ष..........राशि..........<br>वर्ष..........राशि.......... |
| 12 | **LAC PROCESSING UNIT** मशीन के अधिकृत विक्रेता या सर्विस प्रोवाईडर होने तथा राज्य/जिला में | |

Sanjay

| | | |
|---|---|---|
| | कार्यालय/दुकान/शाखा होने का प्रमाण पत्र। | |
| 13 | **LAC PROCESSING UNIT**मशीन के सप्लाई एवं इंस्टॉलेशन संबधी कार्यानुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति। | |

**निविदा कर्ता**

हस्ताक्षर ..........................................

नाम ..................................................

सील ..................................................

(10)

# ला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर

(सील्ड लिफाफा–3 में रहेगा)

## कक्ष क D19, कलेक्ट्रेट बीजापुर (छ.ग.)

"प्रपत्र–ब" दर प्रपत्र

1. Name Of Firm ..................................................................
2. Permanent Address ..................................................................

..................................................................

Phone...................... E-Mail............................

3. Name of representative for official correspondence ..................................................................

..................................................................

Mob .................. E-Mail..................................

Fax ..................................................................

लाख प्रोसेसिंग यूनिट सामग्री का विवरण

| ITEM DISCRIPTION | Specification | Specification | Quantity | Rate per Unit | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| | Lac Crusher Machine | Crushing 15kg/ hr, power operated -1 HP single phase AC motor and person Hand Operated | 1 | | |
| Lac Processing unit | Lac Washer machine | 35 kg/batch, pedal operated pedal operated -2 person, and Power operated -1 person and 1HP operated | 1 | | |
| | Lac Grader Machine | 60 kg/hr, power opareted -1 person & 0.5 Hp Single phase AC motor hand operated | 1 | | |
| | Lac Winnower Machine | 500 kg/hr , power operated -1 person and 0.5 HP single phase AC motor, hand operated | 1 | | |
| | Lac filter | | 1 | | |
| | Working Tools & foundation Nut Bolts, soda | | As per required | | |
| | Raw Material For tranning 50 kg | | 50 kg | | |
| | Assembly line product | | 1 | | |
| | Chhalani round | | 10 | | |
| | Hand Manual Packaging machine | | 2 | | |
| | Kudali | | 4 | | |

Sanju

(14) (11)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Soop ( GI sheet) | | 10 | | |
| | Electric/Machanic assembellibing | | 1 | | |
| Other Equipment | 10 Piece Plastic Bucket / Ghamela, (20 ltr), 4 working Table (6/4), Digital Weight Sacle,2 pice | | | | |

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर ..........................................

नाम ..................................................

सील ..................................................